NEWSLETTER

Embassy of India, Bangkok

सत्यमेव जयते

From the Desk of the Ambassador

दूतावास सूचना पत्र (Embassy News Letter)

राजदूत की कलम से

कांसुलर (पासपोर्ट, ओ.सी.आई, वीजा इत्यादि सेवाओं) से संबंधित विषयों (Consular and Visa Issues) पर 'खुला मंच' (open House): भारतीय दूतावास द्वारा आम जनता के लिए किये जाने वाले कामों में कोंसुलर और वीजा से संबंधित सेवायें प्रमुख हैं। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करने का रहा है कि भारतीय समुदाय के लोगों और हमारे थाई मित्रों के लिए जो भारत–यात्रा के इच्छुक हैं, हमारी ये सेवायें अधिक प्रभावपूर्ण, तात्कालिक और उनकी आवश्यकता के अनुरूप हों। हाल के महीनों में हमने इन सेवाओं को अधिक पारदर्शी और अधिक सुविधाजनक बनाने पर बहुत जोर दिया है ताकि वे ज्यादा स्वीकार्य और अनुकूल हो सकें। भारत सरकार द्वारा कांसुलर संबंधी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और इसके लिए सबसे अच्छी प्रक्रिया अपनाने पर बल देने की बात को ध्यान में रखते हुए भारतीय दूतावास **सभी कार्य दिवसों में 1000 से 1100 बजे तक** एक **'खुला मंच'** के आयोजन की शुरुआत करेगा।

इस 'खुला मंच' के प्रारंभिक सत्र का आयोजन **सोमवार 2 मार्च 2015** को किया जाएगा। तदुपरांत यह 'खुला मंच' दूतावास के प्रथम सचिव श्री नवीन सक्सेना द्वारा प्रतिदिन संचालित किया जाएगा। यद्यपि उन्हें सभी प्रकार के निर्णय लेने का अधिकार होगा तथापि वे कुछ मामलों को काउंसलर श्री अरविंद कुमार, डी.सी.सम श्री एच. बाला सुब्रह्मण्यम तथा मुझे भी भेज सकते हैं। जैसाकि 'खुला मंच' शब्द से पता चलता है कि इसका उद्‌देश्य ही कांसुलर तथा वीजा संबंधी विस्तारित सेवाओं के संबंध में पूछे जाने वाले उन सभी स्पष्टीकरणों और प्रश्नों का जबाब देना है जो जनता में से किसी के द्वारा भी पूछे जा सकते हैं। फिर भी हम अनुरोध करते हैं कि आप इसे सफल बनाएं और जहाँ तक संभव हो, इसका दुरुपयोग करने से बचें। केवल वही लोग इस 'खुला मंच' में शामिल हों जो व्यक्तिगत रूप से इन मामलों से संब़द्ध हैं।

दूतावास अब ट्विटर पर (Embassy @ Twitter): दूसरी तरफ दूतावास एक ट्विटर एकाउंट **(IndiaInThailand)** शुरू करने पर भी विचार कर रहा है जिसका मकसद लोगों को इससे संबंद्ध सभी प्रकार के कार्यों की सूचना देना और इस पर उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करना है। यह ट्विटर एकाउंट व्यक्तिगत रूप से मेरे द्वारा नियंत्रित किया जाएगा और यह भी 2 मार्च 2015 से शुरू हो जाएगा।

आपात्कालीन स्थिति में 24 घंटे सेवा : आपात्कालीन स्थिति में फँसे भारतीय नागरिकों के लिए दूतावास अब 24 घंटे की सेल फोन सेवा भी शुरू करेगा ताकि लोग उस स्थिति में कार्यालय समय के बाद तथा सप्ताहांत के दिनों में हमसे संपर्क कर सकें। यह सेल नंबर (0618819218) दूतावास के अधिकारी के पास होगा। संबधित व्यक्ति कार्यालय–समय के पश्चात् इस नंबर पर फोन कर सकता है। हम निवेदन करते हैं कि इस नंबर का प्रयोग वीजा तथा अन्य विषयों से संबंधित उन जानकारियों को प्राप्त करने के लिए न किया जाए जिनकी सूचना सामान्य तौर पर हमारी बैव साइट (http://www.indianembassy.in.th) पर उपलब्ध है अथवा जिसे कार्यदिवस में दूतावास के नियमित नंबरों पर प्राप्त किया जा सकता है।

सत्यमेव जयते

From the Desk of the Ambassador

कांसुलर संबंधित शिकायतों के लिए 'मदद बैवसाइट' : विदेशों में रहने वाले भारतीय नागरिक अब अपनी कांसुलर संबंधी शिकायतें 'ऑन लाइन' भेज सकेंगे क्योंकि भारत सरकार ने ऐसी शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए काफी सख्त 'जबाबदेही' के साथ एक नए **'बैव पोर्टल'** की शुरुआत की है। माननीय विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने इस **'मदद पोर्टल'** का शुभारंभ करते समय बताया कि **'शिकायत नियंत्रण सुविधा'** लोगों की पहुँच को आसान बनाएगी तथा अधिकारियों की अधिक 'जबाबदेही' और 'उत्तरदायित्वों' को तय करेगी। शुरुआती दौर में इसके अंतर्गत गल्फ को–आपरेशन काउंसिल देश **(Gulf Cooperation Council Countries) तथा मारीशश** ही आयेंगे।

थाईलैंड में भारत–उत्सव : पिछले वर्ष मार्च 2014 में संपन्न हुए भारत–उत्सव की सफलता के परिणामस्वरूप दूतावास **एच.आर.एच. (Her Royal Highness) राजकुमारी महाचक्री सिरिंधोर्न के 60वें जन्मदिवस** के शुभ अवसर पर **मार्च से मई 2015 तक** दूसरे 'भारत–उत्सव' का आयोजन करने जा रहा है। इस उत्सव में होने वाले सभी कार्यक्रम आम जनता के लिए 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर निःशुल्क होंगे। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया उत्सव की बैवसाइट (http://festivalofindianinthailand.com) देखें।

सूचना का प्रचार–प्रसार : मैं दूतावास के सोशल मीडिया पेज तक पहुँच रखने वाले सभी लोगों से अनुरोध करता हूँ कि वे इस सूचना का, जहाँ तक संभव हो सके, अधिकाधिक प्रचार–प्रसार करें। थाईलैंड में रह रहे समुदाय–प्रमुखों से मैं निवेदन करता हूँ कि वे कृपया इस सूचना के विषय में अपने प्रतिनिधियों को सूचित करें।

राजदूत द्वारा जारी सूचना–पत्र : मेरी इच्छा है कि हमारे नए प्रयासों /विचारों को हमारे मित्रों तक पहुँचाने के लिए इस सूचना–पत्र का प्रयोग नियमित रूप से किया जाए। किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया/सुझावों का स्वागत होगा। **सोमवार 2 मार्च 2015** से शुरू होने वाले **'खुला मंच'** के प्रथम सत्र में शामिल होने के इच्छुक लोगों का मैं एक बार पुनः स्वागत करता हूँ। दूतावास की डाक–सूची (Mailing list) से जुड़ने के लिए कृपया इस पते पर जानकारी भेजें : embassyofindiabangkok@gmail.com